तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बैजी टोल प्लाजा की मार, सीजी 25 वाहनों को टोल मुक्त करने ...


13 माधुरी सिन्हा बनीं स्टूडेंट ऑफ द ईयर प्रतिभावान ...


विडंबना : जांच पूरी, कार्रवाई की अनुशंसा भी भेजी गई, फिर भी डेढ़ माह से फाइल अटकी

## निर्माण श्रमिक आवास योजना में लाखों के घोटाले की जांच पूरी पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्लेसमेंट कर्मचारी को केवल कार्यमुक्त कर मामले को दबाने के आरोप

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना में कथित तौर पर लगभग 65 लाख रुपए की शासकीय राशि में अनियमितता और गबन के मामले में जांच पूरी होने तथा स्पष्ट कार्रवाई की अनुशंसा शासन को भेजे जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस विभागीय कदम नहीं उठाया गया है।

इस मामले में तत्कालीन जिला श्रम अधिकारी एनके साहू की भूमिका जांच रिपोर्ट में उल्लेखित होने के बाद भी उनके विरुद्ध न तो निलंबन की कार्रवाई हुई है, न विभागीय जांच प्रारंभ हुई है और न ही किसी प्रकार की दंडात्मक कार्यवाही सामने आई है। करीब डेढ़ माह से फाइल श्रम विभाग स्तर पर लंबित बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के क्रियान्वयन में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने विस्तृत जांच कराई थी। जांच के दौरान दस्तावेजों की वैधता, हितग्राहियों की पात्रता जांच, स्वीकृति प्रक्रिया तथा लाभ वितरण में गंभीर त्रुटियां पाई गईं। साथ ही लगभग 65 लाख रुपए की शासकीय राशि के उपयोग और वितरण में अनियमितता के तथ्य सामने आए।

जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर के निर्देश पर अतिरिक्त कलेक्टर, बेमेतरा ने दिसंबर माह में श्रम विभाग के सचिव को विस्तृत पत्र प्रेषित कर तत्कालीन जिला श्रम अधिकारी एनके साहू के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई निलंबन, रिकवरी और एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा की थी। मामले में संलिप्त बताए जा रहे एक प्लेसमेंट कर्मचारी को केवल कार्यमुक्त किए जाने की जानकारी मिली है। लेकिन उनके विरुद्ध भी न तो आपराधिक प्रकरण दर्ज हुआ है और न ही किसी वैधानिक कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि हुई है।

### नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए छत्तीसगढ़ श्रम विभाग के सचिव हिमशेखर गुप्ता ने कहा कि जांच प्रतिवेदन के परीक्षण के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### जनप्रतिनिधियों ने उठाए सवाल

इस मामले की शिकायतकर्ता स्थानीय भाजपा पार्षद नीतू कोठारी ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब जांच पूरी हो चुकी है और जिला प्रशासन ने स्पष्ट रूप से कार्रवाई की अनुशंसा कर दी है, तो फिर देरी किस कारण से हो रही है? उनका कहना है कि सरकारी योजनाओं में अनियमितता के मामलों में त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई आवश्यक है, अन्यथा जनता के बीच यह संदेश जाता है कि जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करना कठिन है।

## सोसाइटी से निकला ट्रक व्यापारी के घर के सामने खाली होते पकड़ाया, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज:साजा



साजा क्षेत्र की मोहगांव सोसाइटी से धान लोड कर गुरुवार शाम 5 बजे निकला एक ट्रक देर रात 9 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में बेरला ब्लॉक के परपोड़ा में एक निजी व्यापारी के घर के सामने खाली होते पकड़ा गया। धान की इस अवैध हेराफेरी को मोहगांव समिति के अध्यक्ष और प्रबंधक ने रंगे हाथ पकड़ा, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, मोहगांव सोसाइटी से धान भरकर ट्रक रवाना हुआ था। संदेह होने पर मोहगांव समिति के अध्यक्ष त्रिलोकी साहू और प्रभारी समिति प्रबंधक नितिन साहू ने ट्रक का पीछा किया। उन्होंने देखा कि ट्रक परपोड़ा में एक व्यापारी के घर के सामने खड़ा होकर खाली हो रहा था।

समिति के पदाधिकारियों को कार्रवाई करते देख ट्रक चालक घबरा गया और पकड़े जाने के डर से वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। समिति सदस्यों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी गड़बड़ी पकड़े जाने और सूचना देने के बावजूद पुलिस घंटों तक मौके पर नहीं पहुंची। देर रात तक खबर लिखे जाने तक समिति के सदस्य घटना स्थल पर ही डटे रहे और पुलिस की प्रतीक्षा करते रहे।

### जांच के घेरे में धान का उठाव

सोसाइटी का धान सीधे राइस मिल या संग्रहण केंद्र जाने के बजाय किसी निजी व्यापारी के घर क्यों उतारा जा रहा था, यह बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। मामले में पुलिस की एंट्री के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि इस खेल में और कौन-कौन शामिल है।

खबर संक्षेप

### पूनम साहू व नम्रता रजक का सम्मान

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विगत दिनों परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण में पीएमश्री राजा सर्वेश्वरदास उत्कृष्ट विद्यालय की पूनम साहू व नम्रता रजक दोनों होनहार छात्राओं का चयन हुआ था। जिसमें नरेंद्र मोदी से उन्होंने सीधा संवाद किया और परीक्षा के तनाव को कैसे दूर किया जाएं इसके लिए सुझाव व मार्गदर्शन प्राप्त किया। मोदी ने सहज रूप से सभी बच्चों से बातचीत करते विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के महत्व की सार्थकता पर विस्तृत चर्चा की। इस उपलब्धि को गौरवशाली बताते कलेक्टर जितेंद्र यादव ने बच्चों को अपने कार्यालय आमंत्रित किया तथा दोनों छात्राओं को मोटिवेशनल किताब व पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार एवं विद्यालय के एसएमडीसी के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी, प्राचार्य डॉ. अमित घोष व शिक्षक आकाश त्रिपाठी उपस्थित थे।

### बाइक में ले जा रहा था शराब, कोचिया गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बाइक में सवार युवक प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री के लिए ले जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर पकड़ा। आरोपी के पास से 42 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमड़ीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम मचानपार से एक काले रंग के बाइक होंडा लिओ के ऊपर एक पीले रंग के प्लास्टिक बोरी में मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते हुए घूम रहा है।

### बीमा कानून में संशोधन का विरोध, कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** एलआईसी का निजीकरण और बीमा कानून में संशोधन का विरोध करते ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसियेशन के बैनर तले आज बीमा कर्मचारियों ने हड़ताल करते अपनी मांगों को लेकर हल्ला बोला। शहर के दिग्विजय स्टेडिम परिसर स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन करते कर्मचारियों ने निजीकरण के विरोध और बीमा कानून में संशोधन किए जाने को लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों द्वारा अपने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किए जाने के चलते यहां पर कार्य प्रभावित रहा। हड़ताल की वजह से अपना कार्य लेकर आने वाले लोगों को वापस लौटना पड़ा।

## यातायात नियम तोड़ने वाले 94 वाहन चालकों पर की कार्रवाई, 34,400 वसूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बेमेतरा पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 94 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की है। विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में की गई इस कार्रवाई में कुल 34,400 रुपये समन शुल्क वसूला गया। पुलिस के अनुसार 11 फरवरी 2026 को थाना नांदघाट, दाढ़ी, साजा, परपोडी, बेरला, चंदनू सहित देवकर, खंडसरा, कंडरका, देवरबीजा चौकी तथा यातायात शाखा द्वारा संयुक्त रूप से वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चलाना, दोपहिया में तीन सवारी, मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग, शराब सेवन कर वाहन चलाना और अन्य नियम उल्लंघन के मामलों में कुल 94 चालान काटे गए। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, उपनिरीक्षक मोहन साहू सहित संबंधित थाना-चौकी प्रभारी एवं यातायात पुलिस स्टाफ मौजूद रहे। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नाबालिगों को वाहन न चलाने दें, मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाएं तथा हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## परीक्षा अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 20 फरवरी से 13 मार्च 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से 12:15 बजे तक जिले के 77 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी।

इसके साथ ही स्थानीय एवं महाविद्यालयीन परीक्षाएं मार्च-अप्रैल 2026 में प्रस्तावित हैं। परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा 12 फरवरी से 31 मई 2026 तक बेमेतरा जिला सीमा क्षेत्र में तीव्र संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, अनावश्यक कोलाहल एवं मोटरयान के विद्युत हार्न के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर रोक रहेगी, जबकि रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। विशेष परिस्थितियों में संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी की अनुमति से धीमी आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जा सकेगा।

आदेश जारी होते ही प्रभावशील होगा तथा इसकी सूचना सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित एवं प्रकाशित की जाएगी।

## अकलवारा में 15 को महाशिवरात्रि पर भव्य मेला, मया के गोठ की रंगारंग प्रस्तुति होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्राम अकलवारा में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 फरवरी को भव्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रामधुनी मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। पर्व को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः शिव पूजन से होगी।

इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। शाम 4 बजे से स्थानीय रामधुनी मंडली द्वारा पारंपरिक सुंदर डंडा गीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि 9 बजे से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच 'मया के गोठ' (कुटकी पारा, कवर्धा) द्वारा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। लोक कलाकारों की प्रस्तुति मेले का मुख्य आकर्षण रहेगी, जिसमें छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। ग्राम सरपंच विजय कुमार साहू एवं ध्रुव साहू ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए मेला आयोजन समिति का गठन किया गया है। समिति के संरक्षक पूर्व सरपंच कमल नारायण साहू, पूर्व सरपंच संतोष साहू, रामकुमार साहू, जनपद सदस्य रामायण निषाद, सरपंच विजय साहू एवं उपसरपंच नकुल साहू हैं। समिति के अध्यक्ष दुकलहा राम सिन्हा, उपाध्यक्ष नंद कुमार साहू, कोषाध्यक्ष चोखेलाल साहू, सचिव मोतीलाल साहू, सहसचिव गुनी राम साहू बनाए गए हैं। सदस्य के रूप में आनंद राम साहू, कामता राम, शोभित यादव, चतुर साहू, दुजराम निषाद, फगुवा निषाद, अमरीका साहू, चंद्रकुमार सिन्हा, गजाधर साहू, डोगेंद्र साहू, भारत साहू, मोहन साहू, लल्लू यादव, ओमप्रकाश साहू, राजेश सेन, भुनेश्वर साहू, सुनील साहू, शिवदयाल साहू, पवन साहू, सुखदेव साहू, नंदू साहू, तुकाराम, चुन्नूलाल, विश्वनाथ साहू, बुलाकी साहू, सियालाल, भूपत साहू एवं टीका साहू शामिल हैं। ग्रामवासियों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाशिवरात्रि मेले में शामिल होने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।




नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद जल निकासी होगी

## अध्यक्ष निधि से स्वीकृत नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ, वार्ड 15 में विकास कार्यों को मिली गति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 15 में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अपनी अध्यक्ष निधि से स्वीकृत नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रश्मि फडेन्द्र मिश्रा सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए नगर पालिका प्रशासन का आभार जताया। कार्यक्रम में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा ने कहा कि वार्ड क्रमांक 15 में लंबे समय से जल निकासी की समस्या बनी हुई थी, जिससे बरसात के दिनों में जलभराव और गंदगी की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद जल निकासी की व्यवस्था सुचारु होगी और क्षेत्र में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

वार्ड पार्षद रश्मि फडेन्द्र मिश्रा ने भी इस पहल के लिए अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नाली निर्माण से वार्डवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पार्षद और नगर पालिका मिलकर निरंतर प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने विकास कार्यों में सहयोग देने का आश्वासन दिया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वार्ड में इसी प्रकार के जनहितकारी कार्य होते रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### मजदूरों की हड़ताल आज, छावनी चौक से निकलेगा जुलूस

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति ने 12 फरवरी को प्रस्तावित आम हड़ताल को लेकर तैयारी तेज कर दी है। समिति के कलादास डेहरिया ने जानकारी दी कि भिलाई औद्योगिक क्षेत्र के छावनी चौक में मजदूरों के बीच जनसंपर्क और नारेबाजी कर हड़ताल को सफल बनाने की अपील की जाएगी। उन्होंने बताया कि आंदोलन के दौरान चार श्रम कानूनों को रद्द करने, किसान विरोधी ट्रेड बिल वापस लेने और आम हड़ताल को सफल बनाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई जाएगी। हड़ताल से पहले विभिन्न चौक-चौराहों पर पर्चा वितरण अभियान चलाया गया। मजदूरों से लगातार संपर्क कर 12 फरवरी को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति के साथ मेहनतकश आवास अधिकार संघ हॉस्पिटल सेक्टर, प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ और महिला मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हैं। समिति के अनुसार 12 फरवरी को छावनी चौक से जुलूस भी निकाला जाएगा। पर्चा वितरण में ब्रह्मा, संजना, महेश, नीरा, मुस्कान, गीता, बेबी और किशन शामिल थे।

### जिला चिकित्सालय में स्टॉफ की कमी, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में कार्मिकों की कमी को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। 500 बिस्तरों वाला यह अस्पताल प्रतिदिन 1000 से अधिक मरीजों को सेवा दे रहा है। यहां स्थानीय के साथ-साथ अन्य जिलों से भी मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ज्ञापन में बताया गया कि अस्पताल में वाहन चालक, ड्रेसर और रेडियोग्राफर के पद स्वीकृत हैं, लेकिन नियुक्तियां नहीं होने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। आपातकालीन सेवाओं से लेकर जांच और उपचार तक, कई व्यवस्थाएं सीमित संसाधनों के सहारे चल रही हैं। इसका असर सेवा की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। इसी मुद्दे पर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह को मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, सीताराम ठाकुर और रमेश साहू मौजूद थे।

### रामेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि 15 को

**दुर्ग।** स्थानीय मोतीपारा स्टेशन रोड लुचकी तालाब के किनारे स्थित रामेश्वर महादेव जन सेवा समिति द्वारा श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। दोपहर 2 बजे से रूद्राभिषेक एवं हवन, महाआरती व शाम 6 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

**श्री शिव सिद्धि विनायक मंदिर:** श्री शिव सिद्धि विनायक मंदिर गणपति चौक विवेकानंद नगर में भी 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। दोपहर में रूद्राभिषेक, हवन, महाआरती व शाम को महाप्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है।

# शास्त्री अस्पताल सुपेला में आवारा कुत्तों की भरमार, दहशत में मरीज और स्टॉफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शहर के प्रमुख शासकीय स्वास्थ्य केंद्र, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में इन दिनों आवारा कुत्तों का झुंड खुलेआम घूमता दिखाई दे रहा है। ओपीडी से लेकर वार्ड के बाहर तक, हर हिस्से में कुत्तों की मौजूदगी ने मरीजों और उनके परिजनों की चिंता बढ़ा दी है।

अस्पताल जैसे संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थान पर इस तरह कुत्तों का डेरा जमाना व्यवस्था पर भी सवाल है। यहां रोज सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गंभीर मरीज शामिल होते हैं। ऐसे में परिसर में घूमते कुत्ते किसी भी समय खतरा बन सकते हैं। मरीजों और परिजनों का कहना है कि सुबह से देर रात तक कुत्ते परिसर में मंडराते रहते हैं।

कई बार ये आपस में लड़ने लगते हैं, जिससे अफरा-तफरी मच जाती है। लोग डर के कारण रास्ता बदलने को मजबूर हो जाते हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के साथ आए परिजन लगातार सतर्क रहते हैं कि कहीं कुत्ते अचानक झपट न पड़ें।

## ओपीडी से लेकर वार्ड के बाहर तक हर हिस्से में कुत्तों की मौजूदगी

### अस्पताल स्टॉफ भी हैं परेशान

अस्पताल स्टाफ भी इस समस्या से परेशान है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार कुत्ते लोगों को दौड़ा देते हैं। भगाने की कोशिश की जाती है, लेकिन वे फिर लौट आते हैं। पूरे अस्पताल परिसर को उन्होंने अपना ठिकाना बना लिया है। अस्पताल स्टाफ ने नगर निगम से मांग की है कि तत्काल कार्रवाई कर इन आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए और परिसर को सुरक्षित बनाया जाए। स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले लोगों को इलाज के साथ सुरक्षा का भरोसा भी मिलना चाहिए। अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।



### निगम टीम पहुंची थी

एक बार शिकायत पर आवारा कुत्तों को पकड़ने नगर निगम की टीम आई थी, लेकिन दूसरी बार टीम नहीं पहुंची।
-डॉ. पीयाम सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल सुपेला

## बैजी टोल प्लाजा शुरू होने से आमजनों का खर्च हुआ दोगुना

# बैजी टोल प्लाजा की मार, सीजी 25 वाहनों को टोल मुक्त करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|थान खम्हरिया

- थान खम्हरिया से रायपुर 95 किमी मे दो टोल प्लाजा 400 से अधिक शुल्क
- चार पहिए वाहन से बेमेतरा जिला मुख्यालय जाना हुआ मंहगा

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 33 बैजी टोल प्लाजा शुरू होनो से थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र के कारोबारीयो को आर्थिक क्षति पहुंच रही है। वहीं राजधानी रायपुर जाने के लिए अब दो-दो टोल नाका होने से चार पहिया वाहन संचालकों को दोहरा आर्थिक क्षति होगी, सबसे अधिक जिला मुख्यालय बेमेतरा आने जाने में तहसील क्षेत्र के थान खम्हरिया, खाती,सैगोना, ठेलका, कारेसरा,कन्हेरा, ओडिया, खैरझिटीकला, पतोरा, नवागांवकला, टिपनी, कुरूद, बनरांका सहित विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों को अब चार पहिया वाहन से जिला मुख्यालय जाना महंगा साबीत होगा जबकि व्हाया थान खम्हरिया से राजधानी जाने वाले कबीरधाम जिले के रामपुर(ठाठापुर), रणवीरपुर, दानी घटोली, बीरेन्द्रनगर जैसे क्षेत्रों के ग्रामीणो को दोहरा टोल शुल्क अदा करना पडेगा। कार, हल्के वाणिज्यिक वाहन, बस, ट्रक तथा हैवी कंस्ट्रक्शन वाहनों पर अब टोल एक परेशानी का शबब होगा। थान खम्हरिया तहसील जिले का बड़ा व्यवसायिक व कृषि उपज के खरीफ व रबि उत्पाद का एक बड़ा व्यपारीक केन्द्र है जिनके कामों के लिए अकसर जिला मुख्यालय दिन में दो से तीन बार आना जाना पडता है ऐसे में टोल नाका प्रारंभ होने से किसानों को भारी आसुविधा होने वाली है। खबर है कि भारत माला परियोजना के तहत केवल 3 माह के लिए टोल की अनुमति दी गयी है फिर भी प्रशासनिक व निजि कामों से अब जिला मुख्यालय का सफर मंहगी साबीत होगी। क्षेत्रवासीयो की मांग है कि सीजी-25 के चार पहिया वाहन को टोल मुक्त किया जाय।बैजी टोल शुरू होने से अब राजधानी जाने क्षेत्रवासी व्हाया बेरला से जाना ज्यादा पसंद करेंगे जबकि जिला मुख्यालय जाने लोग अंदरूनी मार्ग की तलाश कर रहे है,इसके अलावा यात्री बस संचालको को भी आर्थिक बोझ पड रही है। बेमेतरा-सिल्हाटी-सहसपुर लोहारा जाने वाली यात्री वाहन के दो राऊंड परिसंचलन होने पर करीब 300 सौ रूपए का अतिरिक्त भार पड रही है,कृषि क्षेत्र को भी अधिभार पडने वाली है लघु व सीमांत कृषक जो सब्जियां उत्पादन कर रहे है और बेमेतरा मंडी मे सब्जी विक्रय करने जाते है तो उनको भी टोल नाके से आर्थिक क्षति उठानी पडेगी हालाकि ट्रेक्टर को टोल से मुक्त रखा गया है।




### स्थानीय लोगों को ज्यादा परेशानी

देखा जाय तो नये टोल नाके से स्थानीय लोगों को ज्यादा परेशानी हो रही है किराना, सब्जी मंडी, राईस मिलर, फेब्रीकेशन, कपड़ा, आनाज व सब्जी जैसो के व्यपारीयों को ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है।इस अतिरिक्त बोझ को दूर करने बेमेतरा जिले के सीजी-25 वाहनों को टोल मुक्त करने की मांग की जा रही। टोल मे छूट प्रदान करने की मांग करने वालो में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्याय,नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव बिंदल, पूर्व एल्डरमेन फिरोज खान, उपाध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व सरपंच जलेश्वर सिह राजपूत, संजय वैष्णव, रज्जू पटेल, मण्डल अध्यक्ष राजेश साहू, अविनाश सिह, धर्मेन्द्र चंद्राकरपूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी जागेश पटेल, शेषनारायण मिश्रा, विजय मिश्रा, ढाल सिह, सनत सिंह, जनक साहू आदि लोग शामिल है।

### दो-दो टोल प्लाजा होने से दोहरा भुगतान

गौरतलब है कि 30 जनवरी से कवर्धा-बेमेतरा राष्ट्रीय राजमार्ग क्र 33 स्थित ग्राम बैजी के पास भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा शुरू की गयी टोल प्लाजा से अब क्षेत्रवासीयो को आर्थिक क्षति देने वाली है जिला मुख्यालय बेमेतरा अब भोजन व हॉटलींग तक करना मंहगी पडेगी वही प्रशासनिक कामो के लिए बार बार चार पहिया वाहन से आने-जाने पर टोल शूल्क देनी होगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्धारित टोल शुल्को में कार के लिए 60 रूपए दोबारा 90 रूपए, हल्के वाणिज्यिक वाहन या मिनी बस 100 -150,बस व ट्रक 200-300 वाणिज्यिक वाहन (3 एक्सल) 220-325,हैवी कंस्ट्रक्शन मशीन (मल्टी एक्सल वाहन) 315-470 तथा अधिक बडे वाहन (7 से अधिक एक्सल) 380-570 तक टोल शुल्क निर्धारीत किया गया है। बैजी टोल शुरू होने के बाद राजधानी रायपुर व हाईकोर्ट जाने के लिए दो-दो टोल प्लाजा होने से दोहरा भुगतान का बोझ आमजन के उपर पड रही है।अब राजधानी रायपुर जाने व्हाया देवरबीजा-बेरला-पठारीघाट से होकर जाना सस्ती पडने के साथ ही समय की बचत भी होने वाली है,रायपुर जाने बैजी व तरपोंगी टोल से होकर गुजरना पडेगा।

# समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- भिलाई भाजपा जिला कार्यालय में हुआ आयोजन

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला में पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। सुबह 7 बजे कार्यक्रम की शुरुआत उनके तेलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रभुनाथ मिश्रा, शिरीष अग्रवाल और पुरुषोत्तम देवांगन ने विचार रखे। जिलाध्यक्ष देवांगन ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित किया। एकात्म मानववाद के माध्यम से उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की सोच दी। उन्होंने कहा कि पार्टी अनुशासन और समर्पण की भावना से "सबका साथ, सबका विकास" के मंत्र पर आगे बढ़ रही है। शिरीष अग्रवाल ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि रखा। वे 1937 में संघ के प्रचारक बने और भारतीय जनसंघ की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। उनका पूरा चिंतन समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान पर केंद्रित था। प्रभुनाथ मिश्रा ने एकात्म मानववाद को भारतीय संस्कृति का मूल बताते हुए कहा कि यह विचार मानव मात्र की समग्र उन्नति की बात करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक भूमिका का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम का समापन एक घंटा राष्ट्र को, एक घंटा देव को के संकल्प और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, चिन्ना केशवालु, पुनम शुक्ला, चंद्रकांता मांडले, गोपाल कृष्ण वर्मा, महामंत्री मनीष अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष महेश वर्मा,नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, जिला मंत्री विनोद सिंह, भारती साहू, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक, सौरभ जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पार्टी हाईकमान के निर्देश, बैठक में निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

- संगठन सृजन अभियान के तहत नई दिल्ली में जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा इंदिरा भवन नई दिल्ली में आयोजित संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत देशभर के जिला कांग्रेस अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण राकेश ठाकुर, दुर्ग अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी बैठक में शिरकत की। प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष



मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने उपस्थित जिलाध्यक्षों को संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती, जनसंपर्क अभियान और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं। संगठन को मजबूती देने के लिए पारदर्शिता, सक्रियता और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष की आवश्यकता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय, युवाओं की भागीदारी, महिला सशक्तिकरण और किसानों-मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई को संगठन का मूल आधार बताते हुए जिलाध्यक्षों से जनता के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने निर्देश दिए। केसी वेणुगोपाल ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, डेटा आधारित कार्यप्रणाली अपनाने और प्रत्येक बूथ पर सक्रिय टीम तैयार करने पर विशेष जोर दिया।

### मृतकों के परिजनों को मिली 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान नंबर 411 सरस्वती नगर, तहसील व जिला दुर्ग निवासी योगेश चक्रधारी की विगत 4 सितम्बर 2022 को सांप के काटे जाने पर उनके परिजन मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ईलाज के दौरान योगेश की मृत्यु 5 सितम्बर 2022 को हुई थी।

इसी प्रकार ग्राम लिमतरा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग निवासी सौम्य सेन की मृत्यु विगत 1 जून 2024 को अमलेश्वर काली मंदिर के सामने तालाब में नहाने के दौरान पानी में डुबने से मृत्यु और ग्राम कुगदा तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग निवासी भरत यादव की मृत्यु विगत 03 अक्टूबर 2024 को सत्य नगर कुगदा के दम्मा तालाब में नहाने के दौरान पानी में डुबने से हुई थी।

# उरला शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ाया प्रदेश का मान, पांच सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- कचरा प्रबंधन व सस्टेनेबिलिटी विषय पर भेजी गई प्रोजेक्ट को मिली सराहना

विप्रो फाउंडेशन के सहयोग से संचालित प्रोजेक्ट पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला बीएमवाय पाटन दुर्ग के पांच छात्रों और एक गाइड शिक्षिका को बेंगलुरु में सम्मानित किया गया। पूरे देश के लगभग दो हजार प्रोजेक्ट में से राष्ट्रीय स्तर पर 25 प्रोजेक्ट का चयन हुआ है जिसमें से एकमात्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला बीएमवाय का चयन हुआ है। यह पूरे राज्य एवं दुर्ग जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।प्राचार्य के नेतृत्व और शिक्षिका ललित किशोरी साहू के




निर्देशन में विद्यालय के छात्रों कुमारी संध्या साहू, कुमारी भूमिका निषाद, एनिश पटेल, गिरेन्द्र साहू और चंदन विश्वकर्मा ने कचरा प्रबंधन व सस्टेनेबिलिटी विषय पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर सेंटर ऑफ एन्वायरमेंट एजुकेशन लखनऊ को रिपोर्ट भेजी गई थी। इसे राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन के लिए बेंगलुरु भेजा गया। इसके पश्चात इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया जिसके लिए मार्गदर्शक शिक्षक व पांच छात्रों को विप्रो फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया गया। 28 से 31 जनवरी के बीच अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहर और ईसीजी के ग्लोबल हेड और विप्रो फाउंडेशन मैनेजिंग ट्रस्टी पीएस नारायण की मौजूदगी में प्रमाण पत्र, विद्यालय को पचास हजार रुपए की धनराशि व शिक्षक और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण किट प्रदान की गई।

# यात्रियों को नहीं मिल रही ट्रेन की सुविधा स्टेशन में एस्क्लेटर सिर्फ एक प्लेटफार्म में

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

- कांग्रेस ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

हर बार की तरह रेल बजट में बिलासपुर जोन और छत्तीसगढ़ के यात्रियों की अनदेखी का आरोप कांग्रेस ने लगाया है। वर्तमान में ट्रेनों में रिजर्वेशन तो दूर वेटिंग भी नहीं मिल पा रही है। देश के प्रमुख नगरों में जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर ने कहा कि दुर्ग रेलवे स्टेशन उपेक्षा का शिकार है। पिछले पांच महीने से एस्क्लेटर बंद है। मेंटेनेंस के नाम पर इसे बंद रखा गया है। सुविधा सिर्फ



एक नंबर पर ही दी गई है, जबकि डाउन लाइन पर भी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनें गुजरती है। प्लेटफार्म नंबर दो और तीन के यात्रियों को रैम्प या फुट ओवर ब्रिज से आवाजाही करनी पड़ी है। इस वजह से बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। बैटरी चलित वाहन शो-पीस की तरह रखे हुए हैं। केवल वीआईपी को ही इसे सेवा को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने 22511/22512 मुंबई एलटीटी-कामख्या कर्मभूमि, 22865/22866 मुंबई एलटीटी-पुरी, 12261/12262 मुंबई-हावड़ा दुरंतो, 01149/01150 ठाणे-संकरेल गुड्स मिक्स्ड एक्सप्रेस का ठहराव दुर्ग स्टेशन में दिए जाने की मांग की है। इसके अलावा 12855 बिलासपुर - इतवारी इंटरसिटी का ठहराव पॉवरहाउस में देने की मांग की है। इसके अलावा 12535/12536 रायपुर-लखनऊ गरीब रथ, 12913/12914 नागपुर-इंदौर त्रिशताब्दी, 12923/12924 नागपुर-आंबेडकर नगर महू को दुर्ग से चलाने की मांग की है। इसके अलावा पुरी-इंदौर हमसफर, नांदेड़-संतरागाछी, कोरबा-यशवंतपुर वेनगंगा, पुरी-अजमेर, बिलासपुर-पुणे, बिलासपुर-भगत की कोठी, बिलासपुर-बीकानेर, पुरी-साईं नगर शिरडी के फेरे बढ़ाने की मांग की है।

## वार्ड 17 श्यामनगर में गंदगी का अंबार, वार्डवासियों ने की शिकायत

# कचरा, गंदगी के बीच कीटनाशक का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- वार्डवासियों ने की शिकायत

भिलाई-चरोदा नगर पालिक निगम के वार्डों में से सफाई व्यवस्था को लेकर पार्षद व वार्डवासियों ने कलेक्टर के नाम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि क्षेत्र में नियमित सफाई नहीं हो रही, कचरा समय पर नहीं उठ रहा और नालियों में कीटनाशक का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा। लोगों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि व्यवस्था नहीं सुधरी तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान वार्डों के पार्षद भी मौजूद थे।श्यामनगर वार्ड 17 के निवासियों ने नगर पालिक निगम आयुक्त को दिए आवेदन में बताया है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर लगातार गंदगी फैली रहती है। पहले कचरा गाड़ी हर दूसरे दिन आती थी, लेकिन अब अनियमित रूप से आने के कारण मोहल्लों में कचरा जमा हो रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि नालियों में कभी कीटनाशक का छिड़काव नहीं किया गया, जबकि यह नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए।



कई गलियों में गोबर और कचरा पड़ा रहता है, जिसे उठाने कोई कर्मचारी नहीं आता। वार्डवासियों का सवाल है कि जब निगम हर महीने सफाई के नाम पर कर वसूल रहा है, तो फिर रोजाना सफाई क्यों नहीं हो रही। आवेदन में साफ लिखा गया है कि अगर महीने में केवल 15 दिन ही सफाई हो रही है, तो कर भी 15 दिन के हिसाब से लिया जाए। वहीं मौके पर मौजूद भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाया है कि जब भी निगम प्रशासन से पूछा जाता है तो पैसे की कमी बताई जाती है। नगर निगम भिलाई-चरोदा प्रशासन के पास झाड़ू खरीदने तक की पैसे नहीं है।

कचरा उठाने वाले ट्राली भी जर्जर हो चुके हैं। साफ सफाई व विकास कार्यों के लिए शासन से लाखों रुपए मिलने के बाद भी सभी कार्यों ठप पड़े हुए है। आयुक्त ने शीघ्र समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। इस दौरान रेखलाल साहू, भोजराम भलावी, कन्हैयालाल यादव, दयालु राम वर्मा, परदेशी राम श्रीवास, वार्ड 38 पार्षद तुषांत वर्मा, वार्ड 24 पार्षद सत्यप्रकाश शर्मा, वार्ड 11 पार्षद रामखिलावन वर्मा, वार्ड 21 पार्षद, वार्ड 28 पार्षद डी शोभारानी वेंकट राव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### ड्यूटी से नदारद मिले पशु चिकित्सा अधिकारी निलंबित

**दुर्ग।** दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-9 (1) (क) के अंतर्गत डॉ. चन्द्रशेखर अम्बुलकर, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी मोहला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में डॉ. अम्बुलकर का मुख्यालय कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें राजनांदगांव निर्धारित किया गया है। इस अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के प्रतिवेदन के आधार पर डॉ. अम्बुलकर के विरुद्ध शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही, उदासीनता और स्वेच्छाचारिता बरतने के गंभीर आरोप पाए गए हैं। जांच के दौरान यह पाया गया कि वे जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों में अनुपस्थित रहते थे। विभाग की अद्यतन जानकारी देने में असमर्थ रहे। इसके अतिरिक्त आकस्मिक निरीक्षण के दौरान वे बिना किसी सूचना के मुख्यालय से नदारद मिले। धान उपार्जन केंद्र भोजटोला में नोडल अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाए जाने के बावजूद उन्होंने वहां अपनी उपस्थिति नहीं दी और शासकीय योजनाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देशों की भी निरंतर अवहेलना की। उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया और संभाग आयुक्त श्री राठौर ने डॉ. चन्द्रशेखर अम्बुलकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### कहार भोई समाज के अध्यक्ष बने ईश्वरी मानस



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज की वार्षिक महासभा रायपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। महासभा में समाज के नए पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव कराया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मतदान किया। चुनाव परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर धमधा राज के ईश्वरी मानस निर्वाचित हुए। सचिव पद हेतु दुर्ग राज के संजय बनवासी तथा कोषाध्यक्ष पद पर महासमुंद राज के श्री मिथलेश बोयर विजयी घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता एवं व्यापक समर्थन देखने को मिला। समाज के वरिष्ठजनों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाजहित में निष्ठा, पारदर्शिता एवं विकासोन्मुख कार्य करने की सलाह दी।

### संस्कार और सामाजिक सद्भावना का केंद्र है शासकीय विद्यालय

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रिंसिपल एसोसिएशन द्वारा रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के प्रेक्षागृह में शैक्षिक संगोष्ठी और अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव और विशिष्ट अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा थे। कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा और रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. शैलेंद्र पटेल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे।

# अवैध निर्माण को लेकर अहिवारा पालिका ने केबल वायर किया जब्त

## जेके लक्ष्मी सीमेंट और नंदिनी माइंस को नोटिस जारी कर 7 दिन के भीतर मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जेके लक्ष्मी सीमेंट प्रबंधन की मनमानी के चलते अहिवारा नगर पालिका ने उसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पालिका की टीम ने अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए बड़े पैमाने पर जेके लक्ष्मी द्वारा बिछाई गई केबल वायर को खोदा और जब्ती की कार्रवाई की। इसके साथ ही पालिका के सीएमओ अंकुर पाण्डेय ने नोटिस जारी कर 7 दिन के भीतर जवाब मांगा है। अहिवारा नगर पालिका के सीएमओ अंकुर पाण्डेय ने बताया कि जेके लक्ष्मी सीमेंट संयंत्र और नंदिनी माइंस (बीएसपी प्रबंधन) द्वारा बिना पालिका की अनुमति लिए अवैध निर्माण किया जा रहा है। नगर पालिका ने संयुक्त रूप से चल रहे भवन निर्माण, रेल पटरी और बिजली के खंभों के निर्माण के संबंध में दोनों कंपनियों को नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। उन्होंने जेके लक्ष्मी सीमेंट प्रबंधन से जब अवैध निर्माण से जवाब मांगा तो उन्होंने बीएसपी से एनओसी मिलने की बात कही, लेकिन उन्होने पालिका में न तो उस एनओसी को जमा किया और न ही पालिका से निर्माण के लिए कोई अनुमति ली है। पालिका प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्र. 4, 5, 6, 7 और 8 में बीएसपी भूमि से होते हुए जेके लक्ष्मी सीमेंट संयंत्र के अंदर तक व्यावसायिक, औद्योगिक उद्देश्य से रेल पटरी, भवन और बिजली के पोल का निर्माण किया जा रहा है। उसके लिए पालिका से कोई अनुमति नहीं ली गई है।

### वार्ड में हो रही जलभराव की स्थिति

सीएमओ अंकुर पाण्डेय ने बताया कि उन्हें वार्ड 4 के लोगों ने शिकायत में बताया कि जेके लक्ष्मी के द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण के चलते उनके यहां जल निकासी की समस्या खड़ी हो गई है। कई मकान जल भराव के चलते क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके बाद कार्रवाई की गई।





### कार्य रोकने दिए निर्देश

पालिका ने नोटिस जारी कर कंपनियों को निर्माण कार्य रोकने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बिना पालिका की अनुमति कोई निर्माण कार्य न किया जाए। इससे पहले भी, अगस्त 2025 में, अहिवारा नगर पालिका ने संपत्ति कर का भुगतान न करने के लिए जेके लक्ष्मी सीमेंट पर 9.12 करोड़ का जुर्माना लगाया था।

## आयोजन : आनंदगांव स्कूल में वार्षिक उत्सव की धूम

# माधुरी सिन्हा बनीं स्टूडेंट ऑफ द ईयर प्रतिभावान छात्र नकद राशि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

विकासखंड बेरला अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंदगांव में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच चंद्रकिरण नायक ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद रजक, भाजपा भिंभौरी मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक, जनपद सदस्य सरोज यादव, उपसरपंच तिलोषमा धीवर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व स्टाफ मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि श्री चंदेल ने कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। सरपंच चंद्रकिरण नायक ने अनुशासन और नियमित सहभागिता को सफलता की कुंजी बताया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सूर्यकांत नायक ने "खूब पढ़बो, खूब बढ़बो" का नारा देते हुए बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन का आह्वान किया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाले ओम यदु को ट्रैकसूट एवं थर्मस भेंट कर सम्मानित किया गया। जंबूरी स्काउट- गाइड में शामिल विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा ईको क्लब के श्रेष्ठ सदस्यों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य तारकेश्वर साहू ने डिलेश कोसले को बेस्ट छात्र का पुरस्कार स्मृति चिन्ह एवं 1100 रुपए की राशि के साथ प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन सी.के. साहू एवं मनोज वर्मा ने किया।




### 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र सम्मानित

कार्यक्रम में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। व्याख्याता मनोज कुमार वर्मा ने अपने पिता स्व. पुनऊराम वर्मा की स्मृति में कक्षा 12वीं के किरण वर्मा (88.4%), संगीता यादव (88.2%) तथा कक्षा 10वीं की दिव्या ध्रुव (90%), दुष्यंत यादव (84%) एवं लीला (82%) को 1000-1000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। व्याख्याता नेहा गुप्ता ने कक्षा 10वीं में गणित विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा लीला को 500 रुपए नकद देकर सम्मानित किया। वहीं वरिष्ठ व्याख्याता बी. मांडले ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागी विद्यार्थियों को 50-50 रुपए प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किए।

### विदाई समारोह में 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2026' की घोषणा

कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के अंतिम दिन को यादगार बनाया गया। कार्यक्रम में भागवत प्रसाद बानी की प्रमुख भूमिका रही। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बानी परिवार के सौजन्य से 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2026' अवार्ड की घोषणा की गई। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों खेल, स्काउट-गाइड, सांस्कृतिक, सामाजिक जागरूकता, अनुशासन एवं समर्पण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर तीन विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्रथम स्थान पर कक्षा 12वीं की माधुरी सिन्हा रहीं, जिन्होंने लगभग 50 विद्यार्थियों को पीछे छोड़ते हुए यह सम्मान प्राप्त किया। नृत्य, सामाजिक जन-जागरूकता, गाइड सेवा, विद्यालयीन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी तथा चुनाव ड्यूटी में सेवा के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर चुना गया। द्वितीय स्थान पर बिरेंद्र कुमार (कक्षा 12वीं) रहे, जिन्होंने निर्वाचन कार्य में स्काउट के रूप में सराहनीय सेवाएं दीं और विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया। तृतीय स्थान पर तन्नूरानी (कक्षा 12वीं) रहीं, जिन्होंने अपने अनुशासन, शिष्टाचार और शिक्षण कौशल से विशेष पहचान बनाई। कार्यक्रम में मदन लाल साहू, नेहा गुप्ता, अर्चना दीवान एवं दामिनी साहू, भारती, पुनीत साहू एवं पंकज वर्मा का योगदान रहा।

## गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर सहित पांच प्रतिमाएं खंडित, कला जगत में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



▪ सिविक सेंटर स्थित पायनियर मोन्यूमेंट के पास नीचे गिरे हुए मिली प्रतिमाएं

सिविक सेंटर स्थित पायनियर मोन्यूमेंट में स्थापित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर सहित अन्य 5 प्रतिमाओं को नीचे गिरा हुआ पाया गया। इस घटना से शहर के कला और साहित्य जगत में गहरा आक्रोश व्याप्त है। सूचना मिलते ही कला साहित्य बिरादरी के सदस्य स्थल पर एकत्रित हुए और नगर प्रशासन विभाग से गुरुदेव तथा अन्य प्रतिमाओं को शीघ्र पुनः स्थापित करने की मांग की। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रतिनिधि ने मौके पर उपस्थित होकर समुचित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। कला साहित्य मित्र समूह कवच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मणिमय मुखर्जी ने इसे अत्यंत दुःखद और निंदनीय बताते हुए कहा कि भिलाई इस्पात नगरी हमेशा से सामाजिक सौहार्द और एकता की मिसाल रही है। जहां भारत की विभिन्न संस्कृतियों का मिलाप हमेशा से देखने को मिलता है। भिलाई में इस तरह की घटना बहुत ही दुखद है। गुरुदेव केवल महान कवि ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मानवता और विश्वबंधुत्व के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा का अपमान हमारी सामूहिक चेतना को आहत करता है। अध्यक्ष शक्ति चक्रवर्ती ने कहा कि पायोनियर मॉन्यूमेंट जैसे गौरवपूर्ण स्थल पर स्थापित मूर्तियों को गिरा दिया गया है। उन्हें बिना किसी विवाद के पुनः सम्मान सहित स्थापित किया जाना चाहिए। शांतनु दासगुप्ता ने कहा कि गुरुदेव के विचार आज भी शांति और प्रेम का पथ आलोकित करते हैं, आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में सौहार्द और सम्मान की भावना को सुदृढ़ करें। इस दौरान सरसीज घोष,मनोज ठाकरे, मिथुन दास, बबलू विश्वास, शांतनु दासगुप्ता, मनोरंजन दास, प्रदीप मित्रा आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी आज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा एक और लाटरी का ऐलान किया गया है। जिसके तहत अनेक नागरिको को स्वयं का आवास पाने का सौगात मिलेगा। इस योजना का उददेश्य गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों और मध्यवर्गीय वर्ग के लोगों को सस्ती दरों पर घर उपलब्ध कराना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार 12 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे निगम मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में आवास आबंटन की लाटरी आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। आवेदन करने के बाद पात्र हितग्राहियों को लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से चयनित किया जायेगा और आवास आबंटित होंगे।

## 15 को निकलेगी भोले बाबा की बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

महाशिवरात्रि पर बोल बम सेवा और कल्याण समिति द्वारा 15 फरवरी को भगवान भोलेनाथ की बारात निकली जाएगी। भोले बाबा की बारात में दुर्ग-भिलाई सहित पूरे प्रदेश के हजारों लोग शामिल होंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन के लिए सेक्टर 6 पुलिस कंट्रोल रूम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के अध्यक्षता में बोल बम समिति की बैठक हुई।



▪ भोले बाबा की बारात को लेकर पुलिस प्रशासन और समिति की हुई बैठक

बैठक में समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि बाबा की बारात में शामिल होने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित वरिष्ठ मंत्रियों और लोगों को आमंत्रण पत्र दिया गया है। बाबा की बारात में वीवीआईपी लोग शामिल होंगे। दया सिंह ने बताया कि भोले बाबा की बारात दोपहर 2 बजे से निकलेगी। बारात दोपहर 2 बजे इंदिरा नगर हथखोज वार्ड 1 से प्रस्थान कर राम जानकी शिव मंदिर में पूजा अर्चना होगी। ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए केनाल रोड, कार्तिकेय चौक, बोलबम चौक, नंदी तिराहा, जोन-1 शिव मंदिर होते हुए जोन-2 श्रीराम चौक होते हुए दुर्गा मैदान खुर्सीपार में विवाह स्थल पर समापन होगा। इस दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन के लिए एवं कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की आवश्यकता है। इसपर एएसपी राठौर ने सहयोग देने का आश्वासन दिया। इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा रूट चाट तैयार के साथ ही अलग-अलग पॉइंट बनकर पुलिस की तैनात की जाएगी। बैठक में समिति के सुनील गोयल, मुकेश शर्मा, प्रमोद सिंह, ब्रिजेन्द्र मिश्रा, प्रशांत कुमार, राकेश प्रसाद आदि शामिल थे।

## हीमोफीलिया पीड़ित छात्र के लिए उपलब्ध कराया इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने हीमोफीलिया पीड़ित छात्र की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। भिलाई टाउनशिप निवासी कक्षा दसवीं के छात्र आरूष के लिए विधायक ने तत्काल हीमोफीलिया बी फेक्टर-9 इंजेक्शन की व्यवस्था की और उसे छात्र की माता बी शारदा पखाले को सौंपा। इस पहल के लिए छात्र के परिजनों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि छात्र आरूष हीमोफीलिया बी फेक्टर-9 की कमी से पीड़ित है। इस बीमारी में शरीर में क्लॉटिंग फैक्टर्स की कमी के कारण चोट लगने पर खून आसानी से नहीं जमता, जिससे आंतरिक और बाहरी रक्तस्राव का गंभीर खतरा बना रहता है। समय पर इंजेक्शन न मिलने से असहनीय दर्द और अंगों के खराब होने का डर रहता है।आरूष की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होने वाली हैं। ऐसे नाजुक समय में परिवार इंजेक्शन की अनुपलब्धता के कारण काफी परेशान था। परिजनों ने जब विधायक रिकेश सेन से मदद की गुहार लगाई, तो उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इंजेक्शन मंगवा कर पाखले परिवार को राहत पहुंचाई। विधायक सेन ने केवल तात्कालिक सहायता ही नहीं की बल्कि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न आए, इसके लिए ठोस कदम उठाए हैं।



## परीक्षा केन्द्र के बाहर खड़े वाहनों में चोरी और 6 लाख का मोबाइल पार करने वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

खेल मैदान और परीक्षा केन्द्र के बाहर खड़े वाहनों की चोरी और मोबाइल पार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर संदेह के आधार पर कातुलबोर्ड हरिनगर दुर्ग जो स्थायी जबलपुर एमपी निवासी शुभम श्रीवास को पकड़ा गया।

▪ भिलाई नगर थाना क्षेत्र की घटना, खेल मैदान के वाहनों को भी करता था चोरी

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि स्कूटी समेत अन्य वाहनों के डिक्की से मोबाइल, पर्स, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड चोरी करता था। आरोपी मोबाइल को सामान्य लॉक पैटर्न के जरिए अनलॉक कर लेता था। बैंक खातों से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर पैसे भी निकाला करता था। चोरी के मोबाइल से ही वो अपना खर्च चला रहा था।



आरोपी सेक्टर-7 भिलाई में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान खड़े वाहनों से तीन मोबाइल फोन, कार की चाबी समेत अन्य सामान पार करने की शिकायत मिली थी। जांच में पता चला कि आरोपी शुभम श्रीवास खेल मैदानों और परीक्षा केंद्रों के बाहर खड़े वाहनों को निशाना बनाता था।

आरोपी के पास से विभिन्न कंपनियों के मोबाइल जब्त किया हैं। उक्त सामानों की कीमत 6 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# आईआईटी की बस्तर क्षेत्र में कौशल विकास व रोजगार सृजन करने की पहल

दंतेवाड़ा प्रशासन के बीच ट्राइबल रिसर्च एंड इनोवेशन पार्क स्थापना के लिए एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई आईटीआई बस्तर क्षेत्र में कौशल विकास, रोजगार सृजन तथा प्रौद्योगिकी आधारित ग्रामीण परिवर्तन को नई दिशा देने की पहल की है। इसके लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई एवं जिला प्रशासन, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत दंतेवाड़ा में ट्राइबल रिसर्च एंड इनोवेशन पार्क की स्थापना की जाएगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर प्रो. राजीव प्रकाश, निदेशक, आईआईटी भिलाई तथा देवेश कुमार ध्रुव (आईएएस), कलेक्टर, दंतेवाड़ा की उपस्थिति में हुआ।



### आधारभूत संरचनाओं के अनुरूप सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होंगे विकसित

भिलाई आईआईटी की पहल के तहत जिले की उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं को एक सुव्यवस्थित एवं पेशेवर रूप से संचालित उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में विकसित किया जाएगा। जो जनजातीय युवाओं के कौशल विकास, रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण, अनुप्रयुक्त अनुसंधान, नवाचार तथा उद्यमिता संवर्धन पर केंद्रित होगा।

### रोजगार योग्य कौशल की चुनौती होगी दूर

यह पहल जिले में रोजगार योग्य कौशल की कमी की चुनौती को दूर करने के उद्देश्य से पारंभ की गई है। टीआरआईपी मॉडल उद्योग सम्बंध कौशल प्रशिक्षण, उद्यमिता पौत्साहन तथा क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी समाधान के एकीकरण पर आधारित होगा। प्रमुख क्षेत्रों में खनन सहयोग सेवाएं, कृषि एवं वनोपज मूल्य संवर्धन, स्वच्छ ऊर्जा, ईको टूरिज्म तथा डिजिटल शासन शामिल है। बस्तर पडुम 2026 के अंतर्गत आयोजित 'बस्तर नवाचार मंडई में आईआईटी भिलाई द्वारा बस्तर केन्द्रित प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया था। इनमें सौर ऊर्जा आधारित उपकरण, बैटरी संचालित कृषि उपकरण, पोर्टवल कोल्ड स्टोरेज, डिजिटल स्वास्थ्य कियोस्क समावेशी एटीएम समाधान तथा शासन मोनिटरिंग डैशबोर्ड शामिल थे। इन तकनीकों को चरणबद्ध रूप से दंतेवाड़ा के दूरस्थ क्षेत्रों में लागू करने की योजना है।

## बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं माता-पिता, इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार भी घर में प्रदान करें

**भिलाई।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने मां सरस्वती के तेल चित्रण पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति छत्तीसगढ़ की पारम्परिक संस्कृत भारत की सांस्कृतिक से ओत प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसकी सभी ने सराहना की। वहीं संस्था के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरु होते है। इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार भी घर में प्रदान करे। बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं, हम उसको जिस सांचे में डालना चाहते हैं, उसमें वो ढल जाते हैं। हमें बच्चों को सही दिशा और शिक्षा प्रदान करनी चाहिए, ताकि वे अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें।



## खबर संक्षेप

### परेशानी के कारण शिक्षिका ने की थी आत्महत्या

**भिलाई।** महिला शिक्षक की बाथरूम में जले हालत में मिले शव मामले में घटना स्पष्ट हो गया है। शिक्षिका नने सुसायडल नोट लिखा है जिसमें लिखा है कि मैं शारीरिक परेशानी की वजह से यह कदम उठा रही हूं। इसकी जिम्मेदार मैं स्वंय हूं। उसके बाद महिला ने आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग काम कर जांच में लिया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 8 सड़क 11 निवासी रजनी देवांगन ने स्वयं बाथरुम को भीतर से बंद कर स्वयं को आग लगा ली। घटना में उसकी लाश जली हालत में पड़ी मिली। मृतका रजनी को शारीरिक परेशानी थी। इस कारण आत्महत्या जैसे घातक कदम उठाया। 10 फरवरी की शाम की घटना है। घटना की खबर लगते मकान के आसपास लोगों की भीड़ उमड़ गई थी। मकान से धुआं भी निकल रहा था। जिसे देख पड़ोसियों ने पहले उसके डॉक्टर बेटे को कॉल कर बुलाया। तब तक रजनी पूरी तरह से जल चुकी थी। परिजनों को सिर्फ उसका शव ही मिल पाया। घटना को अंजाम देते समय रजनी का आवाज तक बाहर नहीं निकला।

### प्रधान आरक्षक की संदिग्ध मौत, होगी जांच

**भिलाई।** मंगलवार सुबह बस से उतरते समय प्रधान आरक्षक अचानक गिरने से उससे मौत हो गई। घटना दुर्ग बस स्टैण्ड के पास की है। मिली जानकारी के मुताबिक महिला थाना में पदस्थ त्रिलोक सिंह 47 वर्ष के प्रधान आरक्षक बेटी के साथ दुर्ग बस स्टैण्ड पर बस से उतर ही रहा था। तभी अचानक गिर पड़ा जिसे जिला अस्पताल उपचार के लिए लेकर जाया गया। डॉक्टर ने उसे जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक प्रधान आरक्षक का मूल निवास एमपी के बालाघाट है। बस में बैठकर बालाघाट से दुर्ग रहे थे। उनके साथ उनकी बेटी भी थी। बस से उतरते समय ही घटना हुई।

### युवती से छेड़खानी कर की मारपीट, आरोपी पकड़ा गया

**भिलाई।** युवती का पीछा कर उसके साथ छेड़खानी कर मारपीट, गालीगलौज करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि युवती जिला अस्पताल दुर्ग में बीएएमएस में इंटरशिप कर रही है। संतोषी चौक, वार्ड 6 जामुल निवासी दानिश निर्मलकर उर्फ दानेश्वर युवती को कुछ दिनों से पीछा कर अलग-अलग नंबरों से कॉल कर परेशान करता था। 10 फरवरी को जिला अस्पताल दुर्ग के पार्किंग में आरोपी ने युवती को बुरी नियत से पकड़कर जबरन साथ चलने का दबाव बनाया था। विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट कर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। परेशान युवती ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। आरोपी दानिश निर्मलकर को गिरफ्तार कर दुर्ग न्यायालय में पेश किया गया।

### भिलाई में राजस्व वसूली के लिए पहली बार ड्रोन से सर्वे

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत संपत्तियों के सटीक निर्धारण और डेटा अपडेट करने के उद्देश्य से जोन क्रमांक 5 में ड्रोन सर्वे का कार्य विधिवत प्रारंभ कर दिया गया है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से किए जा रहे इस सर्वे से क्षेत्र की संपत्तियों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा।

---

शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति: डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में शिक्षा मंत्री का भव्य स्वागत

# प्रदेश के 150 विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर विकसित किया जाएगा : यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता मे प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का विद्यालय परिसर में आगमन हुआ। उनके आगमन पर विद्यालय परिवार द्वारा पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत-अभिनंदन से हुई, जहाँ विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा पुष्पगुच्छ, श्री फल, साल भेंट कर शिक्षा मंत्री का सम्मान किया गया। इसके पश्चात शासकीय हाई स्कूल जांता प्रांगण में भी उनका स्वागत किया गया, जहाँ पूरे क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों ने एकजुट होकर इस भव्य आयोजन को सफल बनाया।इस अवसर पर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल,शास हाई स्कूल,मिडिल स्कूल एवं प्राथमिक स्कूल, छात्रावास जांता, के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया गया। सभी शिक्षण संस्थानों ने शिक्षा के प्रति अपनी एकजुटता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के शैक्षणिक वातावरण, भौतिक



सुविधाओं एवं शिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, शिक्षकों की मेहनत एवं अनुशासित वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मेंसी बीएसई अंग्रेजी माध्यम के साथ व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना अत्यंत प्रशंसनीय कार्य है। एवं स्कूल अधूरा आहाता निर्माण कार्य को भी जल्द ही पूर्ण करने के लिए घोषणा किए।

**विद्यार्थियों ने दी संस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतिः** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, देशभक्ति व होली नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनकी शिक्षा मंत्री ने खुले मंच से सराहना की। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को देखकर उन्होंने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के मॉडल को अपनाते हुए प्रदेश के 150 विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर विकसित किया जाएगा। यह निर्णय विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा।

### नवाचार की सराहना

इसी दौरान डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में प्रवेश उत्सव के अंतर्गत बनाए गए आकर्षक सेल्फी जोन में शिक्षा मंत्री ने फोटो खिंचवाया और इस नवाचार की सराहना की। विद्यालय ने जानकारी दी कि डी.ए.वी.संस्थान में नर्सरी से कक्षा 11 वीं तक प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का प्रवेश शीघ्र कराकर उन्हें गुणवत्तापूर्ण, अनुशासित एवं आधुनिक शिक्षा प्रदान करें। शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया, वहीं शिक्षकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य पी एल जायसवाल एवं डी.ए.वी. संस्थान की ओर से शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को स्मृति-चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन जांता क्षेत्र के लिए शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच, प्रेरणा एवं विकास का संदेश देने वाला सिद्ध हुआ।

---



# समावेशी शिक्षा के तहत जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में निहित प्रतिभा को निखारने, उन्हें सम्मान प्रदान करने तथा उनकी क्षमताओं को उचित मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 फरवरी 2026 को शासकीय नवीन प्राथमिक शाला, वार्ड क्रमांक 21 में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में जिले के कुल 80 दिव्यांग विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के लिए उनकी विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अस्थि बाधित बच्चों के लिए 100 मीटर दौड़ एवं कुर्सी दौड़, श्रवण बाधित बच्चों के लिए गोला फेंक एवं 100 मीटर दौड़, दृष्टि बाधित बच्चों के लिए निर्धारित ध्वनि लक्ष्य की ओर 25 मीटर दौड़ तथा मिश्रित मोतियों को अलग करने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए 50 मीटर दौड़ एवं सॉफ्ट बॉल थ्रो जैसे खेल कराए गए। प्रतियोगिता के पश्चात प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी गेंदराम चतुर्वेदी, जिला मिशन समन्वयक राज कुमार वर्मा, खेमराज साहू (एपीसी), प्रोग्रामर नेहिल वर्मा, समावेशी शिक्षा प्रभारी रेणुका चौबे सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

# 36 महिलाओं को मिला गैस कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

ग्राम पंचायत घोटमर्रा में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 36 महिला हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, सिलेंडर (टंकी) एवं चूल्हा का वितरण किया गया। योजना का लाभ पाकर सभी लाभार्थी माता-बहनों ने माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं की चिंता करते हुए उनके जीवन को आसान बनाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि अब धुएं से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी और समय की भी बचत होगी।

महिलाओं ने बताया कि पहले लकड़ी और अन्य ईंधन से खाना बनाने में काफी परेशानी होती थी, जिससे आंखों और सांस से जुड़ी दिक्कतें होती थीं। उज्ज्वला योजना से स्वच्छ ईंधन मिलने के कारण अब उनका जीवन अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक होगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत घोटमर्रा की सरपंच आंचल युवराज दुबे ने सभी हितग्राही महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने तीनों गांवों की जनता-जनार्दन के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए ग्रामों के समुचित विकास के लिए आपसी सहयोग और प्रेम बनाए रखने की अपील की।

कार्यक्रम में सरपंच आंचल युवराज दुबे, सचिव संतोष मरकाम, उपसरपंच हरिशंकर सेन, पंचगण तथा ग्रामीणजन देवाली विश्वकर्मा, राजेंद्र निषाद, संतु साहू, भुलऊ निषाद, खेलन मरकाम, वर्षा यादव, राजेश्वरी पटेल, चमेली वर्मा, सरिता घृतलहरे, कावेरी वर्मा, रोशनी निषाद, खुशबु पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, लाभार्थी महिलाएं एवं गैस एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### तहसील धोबी समाज महिला प्रकोष्ठ का गठन, गंगोत्री निर्मलकर बनीं अध्यक्ष



**नवागढ़।** ग्राम ढनढनी स्थित जूनी सरोवर परिसर में तहसील धोबी समाज महिला प्रकोष्ठ का विधिवत गठन सम्पन्न हुआ। आयोजन में समाज की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया के तहत गंगोत्री निर्मलकर (संबलपुर) को अध्यक्ष, कल्याणी निर्मलकर (ढनढनी) को उपाध्यक्ष, सेवती निर्मलकर (जेवरा) को कोषाध्यक्ष तथा पूजा निर्मलकर (नवागढ़) को सचिव निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर चुनाव प्रभारी दिलीप रजक (मुंगेली) एवं सहप्रभारी दिनेश निर्मलकर (मुंगेली) विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने नवगठित टीम को समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने महिला प्रकोष्ठ के गठन को सामाजिक संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया तथा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

---

# महिलाओं से संवाद करेंगी विभा अवस्थी केंद्रीय बजट के प्रावधानों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

जिला भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा साजा में केंद्रीय बजट पर महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन 13 फरवरी को अंबेडकर भवन में आयोजित किया गया है कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल होंगी।

इस अवसर पर वे स्थानीय महिलाओं से सीधा संवाद कर केंद्रीय बजट में महिलाओं के लिए किए गए प्रावधानों, योजनाओं और उनसे जीवन में आने वाले सकारात्मक बदलावों पर विस्तार से जानकारी देंगी। यह कार्यक्रम भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों की बहनों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय के बजाय विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करने से स्थानीय महिलाओं को अधिक संख्या में जुड़ने और संवाद का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी साजा में लगभग तीन घंटे तक रुककर महिलाओं से विस्तृत चर्चा करेंगी, उनकी समस्याएं सुनेंगी और सुझावों को जानेंगी। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर नगर पंचायत साजा की उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य सिंह सहित सभी निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत की तैयारियाँ की गई हैं। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने जिले की सभी महिला कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आह्वान किया है। उल्लेखनीय है कि साजा विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का यह प्रथम आगमन है, जिसे लेकर महिला कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय महिलाओं में विशेष उत्साह का वातावरण है। इकार्यक्रम में महिला चिकित्सक डा शिखा साहू अधिवक्ता कविता गोसाई का सम्मान भी किया जायेगा।

---

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ याचिकाओं पर जन-सुनवाई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2029-30 हेतु बिजली दर निर्धारण पर आमजन से मांगे जाएंगे सुझाव

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सीएसईआरसी) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2029-30 तक की अवधि के लिए बिजली दर (टैरिफ) निर्धारण एवं राजस्व आवश्यकताओं से संबंधित याचिकाओं पर जन-सुनवाई आयोजित की जा रही है। यह जन-सुनवाई दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिलों के उपभोक्ताओं के लिए आयोजित की जाएगी। आयोग द्वारा पहली बार राज्य के दूर-दराज क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु क्षेत्रवार ऑनलाइन जन-सुनवाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता अपनी बात रख सकें ।राज्य की बिजली कंपनियों— उत्पादन, पारेषण, वितरण एवं लोड डिस्पैच सेंटर—द्वारा प्रस्तुत याचिकाओं पर आम नागरिक, किसान, उद्योगपति तथा विभिन्न संगठनों को अपने सुझाव एवं आपत्तियाँ दर्ज कराने का अवसर दिया जा रहा है। क्षेत्र के उपभोक्ता आयोग के रायपुर कार्यालय से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ सकते हैं।

इसके लिए उन्हें 17 फरवरी 2026, प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक रायपुर नाका, दुर्ग स्थित मुख्य अभियंता/कार्यपालक निदेशक कार्यालय, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग में उपस्थित होना होगा। यह सुविधा उन उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जो सीधे रायपुर नहीं जा सकते लेकिन अपनी राय आयोग तक पहुंचाना चाहते हैं।

### प्रत्यक्ष जन-सुनवाई का कार्यक्रम

जो उपभोक्ता आयोग में सुझाव एवं आपत्तियाँ प्रस्तुत करना चाहते हैं, उनके लिए निम्नानुसार तिथियां एवं समय निर्धारित किए गए हैं— 19 फरवरी (गुरुवार): दोपहर 12:00 से 01:30 बजे तक – कृषि एवं कृषि संबंधी कार्य, दोपहर 02:30 से 04:00 बजे तक – घरेलू उपभोक्ता, सायं 04:00 से 05:30 बजे तक – गैर-घरेलू उपभोक्ता, 20 फरवरी 2026 (शुक्रवार): दोपहर 12:00 से 01:30 बजे तक स्थानीय निकाय, नगर निगम एवं ट्रेड यूनियन, दोपहर 02:30 से 04:00 बजे तक – निम्न दाब (एलटी) उद्योग, सायं 04:00 से 05:30 बजे तक – उच्च दाब (एचटी) उद्योग

वेबसाइट पर उपलब्ध है विस्तृत जानकारी

बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तुत याचिकाओं का विस्तृत विवरण आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक उपभोक्ता वहां से आवश्यक दस्तावेजों का अवलोकन कर सकते हैं। दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं, किसानों, उद्योगपतियों एवं विभिन्न संगठनों से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में भाग लेकर अपने सुझाव एवं आपत्तियाँ दर्ज कराएं, ताकि आगामी वर्षों के लिए बिजली दर निर्धारण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। यह जन-सुनवाई बिजली दरों को पारदर्शी एवं सहभागी प्रक्रिया के माध्यम से तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

# जिले के चार शिक्षकों को मिलेगा 'राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान 2025–26' उत्कृष्ट शिक्षण और नवाचार कार्यों के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ शिक्षा में नवाचार को मिली राष्ट्रीय पहचान

विद्यालय शिक्षा में नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और बच्चों की सीखने की क्षमता को सशक्त बनाने के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के चलते बेमेतरा जिले के चार शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षणिक सम्मान 2025–26 के लिए किया गया है। सम्मान हेतु चयनित शिक्षकों में आशुतोष चौबे (साजा), सुचिता निषाद (बेमेतरा), जोगीराम वर्मा (बेरला) तथा दीपक यादव (नवागढ़) शामिल हैं। इन शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, संवेदनशीलता और सतत प्रयासों के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य कर जिले को गौरवान्वित किया है।

**क्रिकेट से सिखाया गणित का पहाड़ा – आशुतोष चौबेः** शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्ठी (विकासखंड साजा) के शिक्षक आशुतोष चौबे ने गणित के पहाड़ों को क्रिकेट खेल से जोड़कर बच्चों को सरल एवं प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से याद कराने की अभिनव पद्धति विकसित की। इस प्रयोग से बच्चों में गणित के प्रति रुचि बढ़ी और सीखना रोचक बना। शिक्षा विशेषज्ञों ने उनके इस प्रयास को नई शिक्षा नीति के अनुरूप बताया है।तकनीक आधारित नवाचार – जोगीराम वर्मा,बेरला विकासखंड के शिक्षक जोगीराम वर्मा ने शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़कर विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को सशक्त बनाया। उनके शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम नवाचारों से विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार हुआ है, साथ ही आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास में भी सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि शिक्षा केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व गुणों का विकास करना भी उसका उद्देश्य है। बोतलों से गणित की समझ – सुचिता निषाद बेमेतरा विकासखंड की शिक्षिका सुचिता निषाद ने कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों को गणित की जटिल अवधारणाओं को सरल बनाने के लिए अभिनव प्रयोग किया।

उन्होंने विभिन्न प्रकार की पानी की बोतलों का उपयोग कर गिनती, जोड़-घटाव, गुणा-भाग, क्रमबद्धता, छोटी-बड़ी संख्या तथा मूर्त से अमूर्त अवधारणाओं की समझ विकसित कराई। उनके इस प्रयोग से छोटे बच्चों में गणित के प्रति भय कम हुआ और विषय के प्रति सहजता विकसित हुई। नवाचार से मिली राष्ट्रीय पहचान जिले के इन चार नवाचारी शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने से शिक्षा जगत में उत्साह का माहौल है। यह सम्मान न केवल शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है।

---



## मध्यस्थता से सौहार्दपूर्ण और त्वरित विवाद समाधान संभव

# लईवलीहुड कॉलेज चोरभट्टी में मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 विषय पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



लईवलीहुड कॉलेज चोरभट्टी में 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0' विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को मध्यस्थता की प्रक्रिया, उसके लाभ तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी देना था।

कार्यक्रम में अधिकार मित्र पंकज घृतलहरे, धरमू बारले एवं तरूण आनंद ने उपस्थित प्रतिभागियों को मध्यस्थता की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता न्यायालयीन प्रक्रिया से भिन्न एक वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली है, जिसमें एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मध्यस्थ दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर आपसी सहमति से समाधान तक पहुंचने में सहयोग करता है। यह प्रक्रिया सरल, लचीली और कानूनी जटिलताओं से अपेक्षाकृत मुक्त होती है, जिससे विवादों का समाधान सौहार्दपूर्ण वातावरण में संभव हो पाता है।

अधिकार मित्रों ने बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से रिश्तों में आई दूरियां कम करने, संबंधों को पुनः स्थापित करने तथा तनावमुक्त समाधान प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इसमें पक्ष स्वयं निर्णय लेने में सक्षम होते हैं और आपसी संवाद के माध्यम से समस्या का समाधान निकालते हैं। यह प्रक्रिया कम खर्चीली होने के साथ-साथ समय की भी बचत करती है। कई मामलों में कुछ घंटों या दिनों में ही समाधान संभव हो जाता है। मध्यस्थता से निराकृत प्रकरणों में न्याय शुल्क में छूट का प्रावधान भी है।

शिविर में बताया गया कि दुर्घटना दावा प्रकरण, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउंस प्रकरण, वाणिज्यिक विवाद, सर्विस मैटर, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन एवं बेदखली संबंधी प्रकरण तथा भूमि अधिग्रहण जैसे मामलों का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से किया जा सकता है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। नालसा के टोल फ्री नंबर के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की जानकारी साझा की गई। साथ ही पॉक्सो अधिनियम 2012, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता, आशा अभियान 2025 के तहत बाल विवाह की रोकथाम तथा साइबर अपराध में डिजिटल अरेस्ट एवं मनी म्यूल्स से संबंधित सावधानियों पर भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं नागरिकों में विधिक जागरूकता बढ़ाने और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का संदेश दिया गया।

